This question paper contains 7 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ....................

# 372

## B.A. (Programme)/II J
## (R)
## HINDI DISCIPLINE – Paper II
## हिन्दी अनुशासन – प्रश्नपत्र II
## (हिन्दी गद्य विधाएँ, उपन्यास और गद्य साहित्य का इतिहास)
## (प्रवेश-वर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए/NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) चार-पाँच मिनट सुस्ताने के बाद उन्होंने फिर चलना शुरू कर दिया । यह छड़ी को उठाते-गिराते, छाती पर सिर गाड़े तथा शिव-शिव का जाप करते, हवा को हलके झोंके से धीरे-धीरे टेढ़े-तिरछे उड़ने वाले सूखे पत्ते की भाँति डगमग-डगमग चले जा रहे थे । कुछ लोगों ने उनको नमस्ते किया,

तो उन्होंने देखा नहीं, और कुछ लोगों ने उनको देख कर मुस्कुराकर आपस में आलोचना-प्रत्यालोचना शुरू कर दी, तब भी उन्होंने कुछ नहीं देखा । लोगों ने संतोष से, सहानुभूति से तथा अफसोस से देखा, पर उन्होंने कुछ भी ध्यान नहीं दिया । उनको बस एक ही धुन थी कि वह किसी तरह घर पहुँच जाएँ ।

**अथवा**

कुछ बातें तो मेरे मस्तिष्क में बिना सोचे ही उपस्थित हो रही हैं । यक्षों और गंधर्वों के देवता-कुबेर, सोम, अप्सराएँ- यद्यपि बाद के ब्राह्मण-ग्रंथों में भी स्वीकृत हैं । तथापि पुराने साहित्य में अपदेवता के रूप में ही मिलते हैं । बौद्ध-साहित्य में तो बुद्धदेव को ये कई बार बाधा देते हुए बताये गये हैं । महाभारत में ऐसी अनेक कथाएँ आती हैं जिनमें सन्तानार्थिनी स्त्रियाँ वृक्षों के अपदेवता यक्षों के पास सन्तान-कामिनी होकर जाया करती थीं । यक्ष और यक्षिणी साधारणत: विलासी और उर्वरता-जनक देवता समझे जाते थे । कुबेर तो अक्षय निधि के अधीश्वर भी हैं । 'यक्ष्मा' नामक रोग के साथ भी इन लोगों का सम्बन्ध जोड़ा जाता है । **8**

(ख) बूढ़ा फिर कहने लगा । अबके उसका स्वर दृढ़ था – 'इस गाँव में आज घरों पर किसकी दृष्टि ठहरेगी, भैया ? इधर देखो, वे जो छाया में सो रही हैं चुपचाप, वे मिट्टी की कच्ची कब्रें, गिनकर देख लो, अगर पाँच सौ से कम दिखाई पड़ें !

और एक-एक में एक-एक ही आदमी दफ़नाया गया हो, यह भी कोई ज़रूरी बात नहीं है । यह है हम मुसलमानों की बात । और अगर तुम सुनना चाहते हो कि हिन्दू क्यों नहीं मरे, तो ज़ाकर शीतलक्खा की धारा से पूछो कि क्यों तू शिद्धिरगंज के सैंकड़ों किसानों को बहा ले गई जिनकी हड्डियों तक का आज तक पता नहीं ?'

**अथवा**

आइसलैंडी का दो चीज़ों के प्रति गहरा लगाव अद्‌भुत है- बीयर और अपनी भाषा । अपनी भाषा के प्रति ललक और प्यार मैंने अपने देश में बंगालियों में, और यूरोप में आइसलैंड-निवासियों से अधिक और कहीं नहीं देखा, कुछ ऐसा संयोग है कि भारत में मेरे सबसे स्नेही और आत्मीय मित्र बंगाली और यूरोप में आइसलैंडी रहे हैं – दोनों की मंडलियों में घंटों गुजारने का अवसर मिला है और गो वे हमेशा आपस में अपनी भाषा में बातचीत करते हैं, मैंने कभी उनके बीच अपने को अकेला महसूस नहीं किया । **8**

2. (क) किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'बर्लिन-एन्सेम्बल' किसका नाम है ?

(ii) हैलेन वेगेल कौन हैं ?

(iii) अशोक वृक्ष को देखकर लेखक का मन उदास क्यों होता है ?

(iv) 'करुणा' नामक निबन्ध में लेखक ने सहानुभूति किसे कहा है ?

(v) 'तूफ़ानों के बीच : अदम्य जीवन' नामक रिपोर्ताज में अकाल के पश्चात् सरकारी सहायता की क्या स्थिति रही ?

(vi) लेखक 'बुधिया' को मारने के लिए क्यों दौड़ता है ?

(vii) लेखक ने 'मज़दूरी और प्रेम' नामक निबंध में मज़दूरी को भक्ति के समान क्यों माना ? **4 × 4 = 16**

(ख) किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

(i) 'जोखू' से पानी क्यों नहीं पिया गया ?

(ii) 'ब्रेख़्त' कौन थे ?

(iii) प्रेमचन्द का जन्म कहाँ हुआ ?

(iv) 'सूखी डाली' एकांकी का लेखक कौन है ?

(v) 'बच्चन' का पूरा नाम क्या है ? **3**

3. किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) बता दूँ ? मैं तुम्हारी सज्जनता पर मोहित हूँ । अब तुमसे क्या छिपाऊँ । जब मैं यहाँ आयी तो यद्यपि तुम्हें अपना पति समझती थी, लेकिन कोई बात कहते या करते समय मुझे चिन्ता होती थी कि तुम उसे पसन्द करोगे या नहीं ।

यदि तुम्हारे बदले मेरा विवाह किसी दूसरे पुरुष से हुआ होता, तो उसके साथ भी मेरा यही व्यवहार होता । यही पत्नी और पुरुष का रिवाजी नाता है । पर अब मैं तुम्हें गोपियों के कृष्ण से भी न बदलूँगी । लेकिन तुम्हारे दिल में अब भी चोर है । तुम अब भी मुझसे किसी-किसी बात में पर्दा रखते हो ।

(ii) 'तुम देवता भी होते तो शंका होती, तुम तो आदमी हो । मुझे तो ऐसी कोई स्त्री न मिली जिसने अपने पति की निष्ठुरता का दुखड़ा न रोया हो । साल दो साल तो खूब प्रेम करते हैं, फिर न जाने क्यों स्त्री से अरुचि-सी हो जाती है । मन चंचल होने लगता है । औरत के लिए इससे बड़ी विपत्ति नहीं । उस विपत्ति से बचने के सिवा मैं और क्या वरदान माँगती ? यह कहते हुए जालपा ने पति के गले में बाँहें डाल दीं ; और प्रणय-सिंचित नेत्रों से देखती हुई बोली – सच बताना, तुम अब भी मुझे वैसे ही चाहते हो जैसे पहले चाहते थे ! देखो, सच कहना, बोलो !'

(iii) "आज मैनेजर को आपत्ति हुई तो तुमने नौकरी छोड़ दी । कल शहर को आपत्ति होगी तो तुम शहर छोड़ने को कहोगी । और ज़रूर होगी । छोटी जगह है ...... ऐसी बातें लोग आसानी से पचा नहीं पाते हैं । पर इस तरह कमज़ोर होने से कहीं काम चलता है, चल सकता है ? और सच पूछो तो आपत्ति बाहर नहीं होती है, कहीं मन के भीतर ही होती है । तभी तो हमें ये छोटी-छोटी बातें परेशान कर देती हैं । वरना इन आपत्तियों पर एक मिनट भी जाया करना मैं उचित नहीं समझता । इन लोगों को क्या हक है तुम्हारे व्यक्तिगत जीवन में हस्तक्षेप करने का ?"

(iv) फिर एक डर और डर से भी ज्यादा कौतूहल । उसने धीरे से टेबुल की दराज़ खोली – पता नहीं क्या निकल आए । पर ज़्यादा उलटने-पलटने की हिम्मत नहीं हुई सो वापस बंद कर दी । रोज़ थोड़ा-थोड़ा करके देखेगा तो एक दिन ज़रूर पता लगेगा । पर क्या ? उसे खुद नहीं मालूम कि किस बात का पता लगाना है । वह तो इतना जानता है कि इस कमरे में बहुत-सी बातें हैं बड़ी अजीब-अजीब ! रात में होनेवाली, छिपकर होनेवाली ! उस दिन रात में डरकर जब आ गया था तो क्या मालूम था कि यहाँ क्या पता लग जाएगा । ऐसी और भी बहुत-सी बातें होंगी इस कमरे में और फिर कुछ वैसा ही देख-जान लेने को मन अकुलाने लगा । 8

4. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(i) जालपा की चारित्रिक विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए ।

(ii) 'ग़बन' उपन्यास की मूल समस्या क्या है ? विवेचन कीजिए ।

(iii) 'आपका बंटी' उपन्यास में शकुन के माध्यम से एक नारी और माँ के आपसी द्वंद्व का विवेचन कीजिए ।

(iv) 'आपका बंटी' में क्या शकुन बंटी को माध्यम बनाकर अजय से प्रतिशोध लेना चाहती है ? विचार कीजिए । 12

5. साहित्य की विधा के रूप में रेखाचित्र के विकास का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

एक अच्छी आत्मकथा अपने अन्दर कौन-कौन सी विशेषताओं को समेटे होती है ? **10**

6. हिन्दी उपन्यास के उद्‌भव और विकास को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

हिन्दी रिपोर्ताज़ के विकास का परिचय दीजिए । **10**

---